<u>समाचार</u>

<u>मासिक रेडियावार्ता '' लोकवाणी ''</u>

<u>निगम अपने क्षेत्रांतर्गत 07 स्थानों पर करेगा प्रसारण सुनने की व्यवस्था</u>

<u>(08 सितम्बर को मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियोवार्ता '' लोकवाणी '' का होगा प्रथम प्रसारण)</u>

कोरबा 07 सितम्बर 2019— रविवार 08 सितम्बर 2019 को सुबह 10.30 बजे से 10.55 बजे तक प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियोवार्ता '' लोकवाणी '' का प्रसारण एफ.एम.रेडियो एवं क्षेत्रीय समाचार चैनलों में किया जाएगा, नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अपने क्षेत्रांतर्गत 07 स्थानों पर लोकवाणी प्रसारण सुनने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है।

शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री जी की रेडियोवार्ता को श्रवण करने की व्यवस्था निगम द्वारा अपने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर की गई है, जहां पर रेडियो अथवा टी.व्ही. आदि के साथ बैठक व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी, लोकवाणी का प्रसारण रविवार 08 सितम्बर को प्रातः 10.30 बजे से 10.55 बजे तक होगा। निगम द्वारा कोरबा जोनांतर्गत गीतांजलि भवन कोरबा में, टी.पी.नगर जोनांतर्गत प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम में, कोसाबाड़ी एवं पं.रविशंकर शुक्ल जोन अंतर्गत सियान सदन घंटाघर में, बालको जोनांतर्गत बालको जोन कार्यालय भवन में, दर्री जोनांतर्गत दर्री जोन कार्यालय भवन में, बांकीमोंगरा जोनांतर्गत बांकीमोंगरा जोन कार्यालय भवन में तथा सर्वमंगला जोनांतर्गत सामुदायिक भवन आनंदनगर में लोकवाणी श्रवण की व्यवस्था की जाएगी। निगम द्वारा पार्षदगणों, जनप्रतिनिधिगणों के साथ—साथ आमजन से आग्रह किया गया है कि वे लोकवाणी सुनने हेतु अपनी उपस्थिति प्रदान करें तथा मुख्यमंत्री जी की मासिक रेडियोवार्ता '' लोकवाणी '' का श्रवण करें।